EDITORIAL

# BSNL's Progress and the Legitimate Expectations of Its Employees

The financial performance of BSNL during the financial year 2025-26 has brought renewed optimism and confidence among employees, executives, and all stakeholders associated with the organization. After facing years of challenges, resource constraints, and intense competition from private telecom operators,

BSNL has demonstrated encouraging financial growth and stability. This achievement is not merely reflected in figures and balance sheets; it is a testimony to the dedication, perseverance, and unwavering commitment of thousands of BSNL employees who stood by the organization during its most difficult times.

BSNL has always been more than just a telecommunications company. As a public sector enterprise, it has consistently balanced commercial objectives with national responsibilities. From remote villages and hilly terrains to border areas and underserved regions where private operators often hesitate to invest, BSNL has continued to provide reliable communication services. Behind this vast network lies the relentless effort of its workforce, whose commitment has ensured that connectivity reaches every corner of the nation.

Over the years, BSNL employees have worked under challenging circumstances. Despite shortages of manpower, increasing workloads, technological transitions, and market competition, they continued to perform their duties with professionalism and sincerity. They maintained services, addressed customer concerns, expanded networks, and contributed significantly to revenue generation. During natural disasters, floods, cyclones, and other emergencies, BSNL personnel worked tirelessly to restore communication networks, often putting public service above personal comfort and convenience. Such dedication reflects the true spirit of public service.

The encouraging financial results of FY 2025-26 have naturally generated hope among employees that their long-pending issues will now receive the attention they deserve. These expectations are neither unreasonable nor excessive. They arise from a sense of fairness and recognition for the invaluable contributions made by employees towards the organization's revival and growth. One of the most significant concerns remains the pending wage revision, which has been due since 1st January 2017. Nearly a decade has passed, yet employees continue to await a revised pay structure. During this period, the cost of living has increased substantially, inflation has affected household budgets, and financial responsibilities have grown. Despite these realities, BSNL employees have continued to discharge their responsibilities with dedication and professionalism.

Wage revision is not merely a financial issue. It is closely linked with employee morale, dignity, and motivation. Every employee who contributes years of dedicated service to an organization expects that his or her efforts will be acknowledged and rewarded fairly. A timely wage revision is not only an economic necessity but also an affirmation of the organization's commitment to its workforce.

Apart from wage revision, employees are also looking forward to the resolution of several long-standing human resource issues. Promotion-related matters continue to remain pending for many deserving employees. Career progression is a vital component of professional satisfaction, and delays in promotions often impact motivation and productivity. Promotions are not just changes

in designation; they represent recognition of an employee's experience, competence, and contribution to the organization.

Similarly, there is a growing need to review and rationalize transfer policies to ensure transparency, fairness, and consistency. Employees expect a system that treats all individuals equitably and provides opportunities based on clearly defined principles. The implementation of a modern promotion policy, resolution of cadre-related anomalies, and other human resource development initiatives are equally important for strengthening employee confidence and organizational efficiency.

It is important to acknowledge that the positive financial trajectory of BSNL has not emerged in isolation. Employees have played a pivotal role in achieving these results. Whether in network operations, customer service, maintenance, sales, or administrative functions, employees have consistently contributed towards organizational growth. Their efforts have helped BSNL navigate difficult phases and position itself for future opportunities.

Any organization's greatest strength lies in its human resources. Technology, infrastructure, and financial investments can yield meaningful results only when supported by a motivated and committed workforce. Employee welfare should therefore be viewed not as an expenditure but as an investment in the future of the organization. A workforce that feels valued and respected is more likely to contribute enthusiastically towards achieving organizational goals.

The Government of India, the Department of Telecommunications, the Department of Public Enterprises, and BSNL Management should therefore take a constructive and forward-looking approach towards resolving employee concerns. In particular, obstacles affecting the implementation of wage revision need to be addressed with sensitivity and urgency. The affordability-related conditions governing wage revision may require reconsideration so that a practical and equitable solution can be reached for BSNL employees.

The time has come for positive action. Just as employees stood firmly with BSNL during its challenging years, the organization and the government must now respond to the aspirations and expectations of its workforce. Mutual trust, respect, and cooperation are essential for ensuring sustainable growth and long- term success.

BSNL's journey of transformation and growth is still unfolding. This journey should not be measured solely by revenue growth, profitability, or financial indicators. It should also reflect the aspirations, dedication and sacrifices of the employees who have worked tirelessly to strengthen the organization. Meaningful progress will be achieved when financial success is complemented by employee satisfaction, professional growth, and a sense of dignity and recognition.

The resolution of long-pending issues such as wage revision, promotions, transfer policy reforms, and other human resource matters will not only boost employee morale but will also contribute significantly to making BSNL stronger, more competitive, and better prepared for future challenges. Ultimately, the true success of BSNL will be reflected not only in its financial achievements but also in the confidence, satisfaction, and pride of the employees who form the backbone of the organization.

संपादकीय

# बीएसएनएल की प्रगति और कर्मचारियों की न्यायोचित अपेक्षाएँ

वित्तीय वर्ष 2025–26 के वित्तीय परिणामों ने बीएसएनएल परिवार में एक नई ऊर्जा और आशा का संचार किया है। वर्षों तक कठिन परिस्थितियों, संसाधनों की कमी तथा निजी क्षेत्र की तीव्र प्रतिस्पर्धा का सामना करने के बाद बीएसएनएल ने जिस प्रकार अपनी वित्तीय स्थिति को मजबूत किया है, वह न केवल संगठन के लिए बल्कि उसके कर्मचारियों के लिए भी गर्व का विषय है। यह सफलता किसी एक व्यक्ति, अधिकारी अथवा प्रबंधन की उपलब्धि नहीं है, बल्कि हजारों कर्मचारियों के अथक परिश्रम, समर्पण और संगठन के पति अटूट निष्ठा का परिणाम है।

बीएसएनएल देश का ऐसा सार्वजनिक उपक्रम है जिसने हमेशा व्यवसायिक लाभ से अधिक सामाजिक दायित्वों को महत्व दिया है। देश के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों, पहाड़ी इलाकों, सीमावर्ती क्षेत्रों और दुर्गम स्थानों तक संचार सेवाएं पहुंचाने का कार्य बीएसएनएल ने निरंतर किया है। जहां निजी कंपनियां लाभ–हानि का आकलन करती है, वहीं बीएसएनएल ने राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए अपनी सेवाओं का विस्तार किया। इस कार्य के पीछे बीएसएनएल के कर्मचारियों का त्याग, समर्पण और सेवा भावना सदैव रही है।

बीते वर्षों में जब बीएसएनएल को अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ा, तब भी कर्मचारियों ने संगठन का साथ नहीं छोड़ा। सीमित संसाधनों, बढ़ते कार्यभार और कर्मचारियों की घटती संख्या के बावजूद उन्होंने अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ किया। अनेक अवसरों पर कर्मचारियों ने व्यक्तिगत कठिनाइयों को दरकिनार कर संगठन के हित में अतिरिक्त जिम्मेदारियां निभाई। प्राकृतिक आपदाओं, बाढ़, चक्रवात तथा अन्य संकटों के समय बीएसएनएल कर्मियों ने दिन–रात कार्य कर संचार सेवाओं को बहाल किया और यह सिद्ध किया कि बीएसएनएल केवल एक कंपनी नहीं बल्कि राष्ट्र सेवा का एक महत्वपूर्ण माध्यम है।

आज जब वित्तीय रिपोर्टें सकारात्मक संकेत दे रही हैं और कंपनी के राजस्व में वृद्धि दर्ज की जा रही है, तब कर्मचारियों के मन में यह आशा स्वाभाविक रूप से जन्म ले रही है कि अब उनकी वर्षों पुरानी समस्याओं के समाधान की दिशा में भी सार्थक पहल होगी। कर्मचारियों की यह अपेक्षा किसी विशेष अनुग्रह की मांग नहीं है, बल्कि उनके योगदान और अधिकारों के अनुरूप न्याय की मांग है।

यह सर्वविदित है कि बीएसएनएल कर्मचारियों का वेतन पुनरीक्षण 01 जनवरी 2017 से लंबित है। लगभग एक दशक बीतने को है, लेकिन आज भी कर्मचारी संशोधित वेतनमान की प्रतीक्षा कर रहे हैं। इस अवधि में महंगाई लगातार बढ़ी है, जीवन–यापन की लागत में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और पारिवारिक जिम्मेदारियां भी बढ़ी हैं। इसके बावजूद कर्मचारियों को वेतन पुनरीक्षण का लाभ नहीं मिल सका है। यह स्थिति कर्मचारियों के मनोबल और भविष्य की योजनाओं दोनों को प्रभावित करती है।

वेतन पुनरीक्षण केवल आर्थिक लाभ का विषय नहीं है, बल्कि यह कर्मचारियों के सम्मान, आत्मविश्वास और संगठन के प्रति विश्वास से भी जुड़ा हुआ है। जब कोई कर्मचारी अपने जीवन के बहुमूल्य वर्ष किसी संस्था की उन्नति में समर्पित करता है, तब उसे यह विश्वास होना चाहिए कि संस्था भी उसके हितों और भविष्य के प्रति संवेदनशील है। यही विश्वास किसी भी संगठन की सबसे बड़ी पूंजी होता है।

वेतन पुनरीक्षण के अतिरिक्त पदोन्नति की समस्या भी लंबे समय से कर्मचारियों के बीच चिंता का विषय बनी हुई है। अनेक कर्मचारी वर्षों से पदोन्नति की प्रतीक्षा कर रहे हैं। समय पर पदोन्नति न मिलने से कर्मचारियों की कार्यक्षमता

और उत्साह पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। पदोन्नति केवल पद परिवर्तन नहीं होती, बल्कि यह कर्मचारी की योग्यता, अनुभव और योगदान की औपचारिक मान्यता होती है। इसलिए पदोन्नति संबंधी लंबित मामलों का शीघ्र समाधान आवश्यक है।

स्थानांतरण नीति की समीक्षा भी समय की मांग है। वर्तमान परिस्थितियों में एक ऐसी नीति की आवश्यकता है जो पारदर्शी, न्यायसंगत और कर्मचारी हितैषी हो। कर्मचारियों को यह विश्वास होना चाहिए कि उनके साथ समानता और निष्पक्षता का व्यवहार किया जाएगा। इसी प्रकार नई पदोन्नति नीति, कैडर संबंधी विसंगतियों के समाधान तथा मानव संसाधन विकास से जुड़े अन्य लंबित मुद्दों पर भी गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए।

यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि बीएसएनएल की वर्तमान उपलब्धियों में कर्मचारियों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। कर्मचारियों ने नेटवर्क विस्तार, ग्राहक सेवा, तकनीकी रखरखाव और राजस्व वृद्धि जैसे प्रत्येक क्षेत्र में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ किया है। यदि आज बीएसएनएल विकास और प्रगति की दिशा में आगे बढ़ रहा है तो इसमें कर्मचारियों की मेहनत और समर्पण की महत्वपूर्ण भूमिका है।

किसी भी संगठन की वास्तविक शक्ति उसके कर्मचारी होते हैं। आधुनिक तकनीक, वित्तीय संसाधन और आधारभूत संरचनाएं तभी सार्थक होती हैं जब उन्हें संचालित करने वाले कर्मचारी प्रेरित और संतुष्ट हों। यदि कर्मचारियों का मनोबल ऊंचा होगा तो संगठन की प्रगति की गति भी स्वतः बढ़ेगी। इसलिए कर्मचारियों के कल्याण को व्यय नहीं बल्कि संगठन के भविष्य में निवेश के रूप में देखा जाना चाहिए।

भारत सरकार, दूरसंचार विभाग, लोक उपक्रम विभाग तथा बीएसएनएल प्रबंधन को चाहिए कि वे कर्मचारियों की लंबित समस्याओं के समाधान की दिशा में सकारात्मक और समयबद्ध पहल करें। विशेष रूप से वेतन पुनरीक्षण के मार्ग में आने वाली बाधाओं को दूर करते हुए एक व्यावहारिक एवं न्यायोचित समाधान निकाला जाना चाहिए। "Affordability Clause" जैसे प्रावधानों पर पुनर्विचार कर कर्मचारियों को राहत प्रदान करने की दिशा में ठोस निर्णय लिया जाना चाहिए।

आज आवश्यकता टकराव की नहीं, बल्कि विश्वास, संवाद और सहयोग की है। जिस प्रकार कर्मचारियों ने संगठन के कठिन समय में उसका साथ दिया, उसी प्रकार अब संगठन और सरकार को भी कर्मचारियों की भावनाओं और अपेक्षाओं का सम्मान करना चाहिए। बीएसएनएल का भविष्य तभी और अधिक उज्ज्वल होगा जब उसकी आर्थिक प्रगति के साथ–साथ उसके कर्मचारियों का सम्मान, सुरक्षा और संतोष भी सुनिश्चित होगा।

बीएसएनएल की विकास यात्रा अभी जारी है। यह यात्रा केवल राजस्व वृद्धि या लाभ अर्जित करने तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि इसमें उन कर्मचारियों के सपनों, संघर्षों और उम्मीदों को भी स्थान मिलना चाहिए जिन्होंने अपने परिश्रम, समर्पण और निष्ठा से इस संगठन को कठिन परिस्थितियों में भी मजबूती प्रदान की है। आज समय की मांग है कि कर्मचारियों के योगदान को केवल शब्दों में नहीं, बल्कि ठोस और सकारात्मक निर्णयों के माध्यम से सम्मान दिया जाए। वेतन पुनरीक्षण, पदोन्नति, स्थानांतरण नीति में सुधार तथा अन्य लंबित मानव संसाधन संबंधी मुद्दों का समयबद्ध समाधान न केवल कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाएगा, बल्कि बीएसएनएल को और अधिक सशक्त, प्रतिस्पर्धी तथा प्रगतिशील बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

संगठन की वास्तविक सफलता तभी मानी जाएगी जब उसकी आर्थिक प्रगति के साथ उसके कर्मचारियों के चेहरे पर भी संतोष, सम्मान और भविष्य के प्रति विश्वास की झलक दिखाई दे।